# बाहरी व्यक्ति प्लांट के अंदर न जाये, कैमरों से रखें नजर

## नगर पालिका अध्यक्ष ने नौलखी ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 2 जनवरी, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने के बाद घटित हुई. घटना को लेकर शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने वेतवा नदी के किनारे स्थित नौलखी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया. इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए की कोई भी बाहरी व्यक्ति प्लांट के अंदर ना आए.**

इसके लिए सीसी टीवी कैमरे से नजर और मुख्य द्वार पर विशेष रूप से निगरानी की जाए साथ ही जो पानी हम शहर में लोगों को पीने के लिए भेज रहे हैं वह है गुणवत्तापूर्ण रहे.इस बात का भी विषय ध्यान रखा जाए. साथ ही जिन स्थानों पर पाइपलाइन के पॉइंट चेक करने के लिए बनाए गए हैं उन्हें नियमित रूप से देखा जाए किसी भी स्थान पर यदि कोई पाइपलाइन लीक हो रही है उसकी मरम्मत भी समय रहते की जाए ताकि हम शहर में साफ स्वच्छ पानी वितरित कर सकें. नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरा को भी देखा एवं उनके सुचारू रूप से मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए बता दें कि सुरक्षा की दृष्टि से नगर पालिका ने पहले ही वाटर बॉक्स पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए थे.वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर छह कर्मचारी कार्यरत है जो अलग-अलग समय चरणबद्ध तरीके से अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं. लगभग शहर की सभी टंकियां की सफाई की जा चुकी है. नगर पालिका वर्ष में दो बार 6-6 महीनों में इन टंकियां की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाती है, जिसमें पानी की टंकियां में जमी हुई सिल्ट को भी हटाकर उनकी पुताई की जाती है.

### कर्मचारियों को दी जाएगी लाइफ जैकेट

निरीक्षण के दौरान वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था कोई भी देखा गया.जिस पर नपा अध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा अपनी नाराजगी व्यक्ति की उन्होंने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के अंदर कार्य करने वाले कर्मचारियों को लाइव जैकेट पहनकर ही कार्यस्थल पर जाने का निर्देश दिया है.इस संबंध में उन्होंने नगर पालिका उपयंत्री मोहिनी कोरी को कहा है. इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय भावसार, इंजीनियर सुनील शर्मा वरुणेंद्र चौबे मुन्ना महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

# कार दुर्घटना में तीन युवकों की मृत्यु के बाद घायल चौथे ने भी दम तोड़ा

## हादसे से सहमा शहर



**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई 2 जनवरी, विगत दिनों मेहलुआ चैराहा पर जन्म दिवस पार्टी मनाकर लौट रही कार की रास्ते में खडे डम्फर से हुई दुर्घटना में कार में बैठे 3 युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी. घटना के पांचवे दिवस दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रानी रामप्रसाद अहिरवार के भतीजे मोन्टी उर्फ अभियुम उम्र 22 साल पुत्र लालाराम अहिरवार की भोपाल में इलाज के दौरान् मृत्यु हो गई.घटना से सारा शहर नव बर्ष के आगमन के साथ ही सहमा हुआ है.**

शुक्रवार को जैसे ही मौन्टी की मृत्यु की खबर लगी लोग सुनकर स्तब्ध रह गए, अंतिम यात्रा में शहर कुरवाई तथा आसपास के इलाके से बडी संख्या में लोगों ने वेतवा मुक्तिधाम पहुंच कर शोक व्यक्त किया. घटना के बाद शहर में सन्नाटा पसरा हुआ है.

विगत 28 दिसंबर को घने कोहरे में खड़े ट्रक से टकराई कार मे तीन युवकों की मृत्यु हो गई थी, जिसमें 2 गंभीर रूप से घायल युवकों को जिला चिकित्सालय विदिशा भेजा गया था.टीयूव्ही कार कुरवाई रोड पर खड़े डम्फर में पीछे से जाकर टकरा गई थी, टक्कर इतनी भीषण हुई थी कि मौके पर ही कार में बैठे कुरवाई के तीन युवकों की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी,मृतक जगदीश साहू पिता मोहनलाल साहू उम्र 30 साल, तनय पिता नरेश शर्मा उम्र 20 साल, अंकित साहू पिता वृंदावन साहू उम्र 25 साल निवासी कुरवाई के शव कार के शीशे तोड़कर निकले गए थे. घटना में तनय शर्मा के जन्म दिवस को मनाने के लिए जगदीश साहू अपनी कार मे दोस्तों को लेकर महलुआ चौराहा के एक ढाबा पर गए थे, तनय शर्मा , अंकित साहू , तनमय उर्फ गौतम श्रीवास्तव , जगदीश गौड , मोन्टी अहिरवार सभी दोस्त एक साथ रात करीब 1 बजे वापिस अपनी काले रंग की टीयूव्ही कार से कुरवाई लौट रहे थे, घटना में कार ड्राइव कर रहे जगदीश साहू, तनय शर्मा, अंकित साहू, की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी तथा उसमें बैठे अन्य तीन व्यक्ति मोन्टी उर्फ अभियुम अहिरवार , जगदीश गौड , गौतम श्रीवास्तव गंभीर घायल हो गये थे. जिन्हे गंभीर हालत में विदिशा रेफर कर दिया गया था. घायल मोन्टी उर्फ अभियुम अहिरवार भोपाल के हमीदिया अस्पताल की आईसीयू में पिछले पांच दिवस से जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे. किंतु उन्हें बचाया नहीं जा सका. घायल अन्य दो युवकों का इलाज करवाने में जुटे परिवार के जन् निरंतर उनके जीवन को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. कुरवाई में चार युवकों कि इस तरह दुर्घटना में हुई मृत्यु से पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई. क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों सहित अनेकों नागरिकों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है.घटना के बाद नए वर्ष के आगमन पर लोगों मे खुशी नदारत रही.युवकों में सन्नाटा देखा गया, कुरवाई शहर इस घटनाक्रम के बाद सहमा हुआ है.

## मांची नागौरी-कुआगांव मार्ग का भूमि पूजन, राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेगा क्षेत्र

**नवभारत न्यूज**
**सांची,** बरसों से प्रतीक्षित मांचीङ्गनागौरी मार्ग निर्माण का सपना आखिरकार साकार हो गया.क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. प्रभूराम चौधरी तथा नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम के प्रयासों से इस महत्वपूर्ण मार्ग का भूमि पूजन विधिविधान से संपन्न हुआ.जानकारी के अनुसार मांची-नागौरी कुआगांव क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से इस मार्ग की बदहाली के कारण आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. कई बार मांग उठने के बावजूद मार्ग निर्माण अधर में लटका हुआ था, लेकिन अब जनप्रतिनिधियों की पहल से निर्माण का रास्ता साफ हो गया है.यह मार्ग मांची-नागौरी कुआगांव होते हुए कनक सागर से राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेगा. मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) संभाग द्वारा सांची अंजली होटल से कुआगांव-नागौरी-मांची तक लगभग 316.36 लाख रुपये की लागत से इस मार्ग का निर्माण कराया जाएगा.भूमि पूजन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभूराम चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी.सड़क, नाली, स्कूल भवन, अस्पताल सहित हर क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं. हमारा लक्ष्य है कि आमजन को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान न होना पड़े.वहीं नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं.इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष दातार सिंह मीणा, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, वरिष्ठ नेता जवाहर सिंह चौहान, गंगाराम चौकसे, सुनील जैन, वीरेंद्र तोमर, शंकर सिंह राणा सहित बड़ी संख्या में नगर परिषद के जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# बदरवास में होगा अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** राष्ट्रीय संस्था न्यू युवा मंच बदरवास द्वारा दो दिवसीय अखिल भारतीय अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन तथा अलंकरण समारोह 14 एवं 15 मार्च 2026 को बदरवास में आयोजित किया जा रहा हैं. इस आयोजन को लेकर संस्था अध्यक्ष दिलीप कुमार चौधरी, प्रकाश मित्तल, राघवेंद्र मित्तल, आशीष सिंहल, राजू भोरे सिरोंज आए. जहां उन्होंने अग्रवाल ट्रस्ट मंडल के पदाधिकारियों सहित समाजजनों से भेंटकर परिचय सम्मेलन के बायोडाटा फार्म प्रतिष्ठान जाकर स्वयं भरे. तथा कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया. अग्रवाल समाचार केंद्र के प्रतिनिधि अतुल गोयल ने बताया कि इसदौरान विभिन्न सामाजिक मुद्दे, प्री वेडिंग शूट, मंहगी शादी, बिगडता स्वास्थ्य व संस्कृति तथा 2047 तक समाज का भारत को परम वैभव तक पहुंचाने सहित अन्य समसामयिक विषयों पर चर्चा होगी.




# राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण से लोगों को न हो नुकसान,सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**सांची,सांची से गुजरने वाले फोर लाइन रोड निर्माण से नगर वासियों मे असमंजस की स्थिति बनी हुई है तथा लोगों को सडक चौड़ीकरण की जद मे आने वाले भवनों के नुकसान की शंका को देखते हुए नागरिकों ने आज सडक भूमिपूजन करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभूराम चौधरी को ज्ञापन सौंपा.** ज्ञापन में मांग की गई हैं कि सांची में सडक चौडीकरण से लोगों मे आशंका बढ़ रही है.इस सडक चौडीकरण से लोगों को होने वाले नुकसान की आशंका को देखते हुए शासन स्तर पर कार्यवाही करते हुए आशंका को दूर किया जाये तथा लोगों को होने वाले नुकसान से बचाया जाए.ज्ञापन में काफी लोगों के हस्ताक्षर थे.

# पुलिस ने आरोपी को चार घंटे में किया गिरफ्तार

**खास बातें**
- थाना मुगलसराय पुलिस की त्वरित कार्यवाही
- नाबालिग से दुष्कर्म व आत्महत्या के लिए उकसाने का है आरोप



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, मुगलसराय पुलिस ने एक मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को चार घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है.**

विगत दिनों जिला अस्पताल विदिशा में एक नाबालिग बालिका द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन किये जाने से उपचार के दौरान मृत्यु हो गई. मामले में पोस्टमार्टम उपरांत थाना कोतवाली से प्राप्त जीरो की मर्ग डायरी के आधार पर थाना मुगलसराय में मर्ग पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई. मर्ग जांच के दौरान तथ्य सामने आया कि नाबालिग बालिका को आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया गया. जिससे मानसिक प्रताड़ना में आकर बालिका ने जहरीला पदार्थ सेवन किया. परिजनों के कथनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना मुगलसराय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई. पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर आरोपी जसरथ कुशवाह निवासी ग्राम आमखेड़ा सूखा, थाना कचनार, जिला अशोकनगर की तलाश कर महज 4 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया. पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी के.के. पवार, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र राजपूत, आरक्षक सुखजिंदर सिंह, आरक्षक आकाश राणा, आरक्षक राहुल पटेल तथा सायबर सेल से आरक्षक रुपेश मेहता की सराहनीय भूमिका रही.

# चित्रकूट में भरत चरित्र कथा व सीताराम महायज्ञ को लेकर नौलखी में बैठक आज

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में श्रीरामकथा के दिव्य आयोजन के पश्चात अब रामभक्ति की अगली कड़ी श्री चित्रकूट धाम में जुड़ने जा रही है.वही चित्रकूट, जहाँ भगवान श्री सीताराम सरकार ने अपने वनवास काल का लगभग साढ़े 11 वर्ष का सर्वाधिक समय व्यतीत किया और जहाँ भ्रातृ प्रेम, त्याग और तपस्या का अद्भुत उदाहरण भरत जी ने प्रस्तुत किया.श्री चित्रकूट धाम में आगामी 19 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक श्री भरत चरित्र रामकथा एवं श्री सीताराम महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा.यह आयोजन नौलखी खालसा के श्रीमहंत राममनोहर दास जी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न होने जा रहा है जिसमें उनके श्रीमुख से नौ दिवसीय कथा में भरत जी के चरित्र पर ही आदर्श जीवन, त्याग, धर्मनिष्ठा और रामभक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा.इस पावन आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं. कथा में सहभागिता, चित्रकूट धाम यात्रा, सेवा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आज 3 जनवरी शाम 4 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर पर रखी गई है.बैठक में कथा से जुड़ने के इच्छुक श्रद्धालुओं, रामभक्तों, सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है. बैठक में सामूहिक यात्रा के जरिए चित्रकूट के पावन तीर्थ स्थलों, तपस्वी संतों का दर्शन, निवास, यज्ञ सहभागिता एवं सेवा कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा. अयोध्या में रामकथा के बाद चित्रकूट में भरत चरित्र का यह आयोजन रामकथा परंपरा को और अधिक भावपूर्ण बनाएगा. यह आयोजन केवल कथा नहीं, बल्कि भरत जी के त्याग, समर्पण और रामराज्य की भावना को आत्मसात करने का अवसर होगा.

# आईटीआई कॉलेज तक बने सड़क

## विद्यार्थी परिषद ने उठाई आवाज



**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुरवाई इकाई ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई.टी.आई. महाविद्यालय कुरवाई तक पक्की सड़क के अभाव में छात्र-छात्राओं को होने वाली गंभीर समस्याओं को लेकर आवाज उठाई. अभाविप कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर तत्काल पक्की सड़क निर्माण की मांग की.**

छात्रों ने बताया कि महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए न तो कोई पक्की सड़क है और न ही कच्ची सड़क. छात्र-छात्राओं को मजबूरन खेतों, जंगली इलाकों और ऊबड़-खाबड़ रास्तों से पैदल गुजरना पड़ता है.बारिश के दिनों में ये रास्ते पूरी तरह कीचड़युक्त और जलमग्न हो जाते हैं, जिससे कॉलेज पहुंचना लगभग असंभव हो जाता है। इससे न केवल छात्रों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि दुर्घटना का खतरा भी निरंतर बना हुआ है.विशेष रूप से छात्राओं को अंधेरे में या एकाकी आवागमन के दौरान सुरक्षा संबंधी गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ रहा है.ज्ञापन में अभाविप ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि शासकीय आई.टी.आई. महाविद्यालय कुरवाई तक मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली पक्की सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू कराया जाए.साथ ही, जब तक सड़क नहीं बनती, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था जैसे कॉलेज बस या अस्थायी मार्ग की सुविधा उपलब्ध कराई जाए.जइस दौरान प्रांत एस एफ डी संयोजक अभिजीत सप्रे,नगर मंत्री वेदांत जैन, सत्यजय मांझी,कुलदीप राजपूत, रजत , हर्ष,अमन,आशु, सानिध्य,अमित,मनीष, एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे.प्राचार्य महोदय ने ज्ञापन प्राप्त कर मांग को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया.अभाविप कुरवाई इकाई के नगर मंत्री वेदांत जैन ने कहा कि छात्रों की मूलभूत सुविधाओं से समझौता नहीं किया जा सकता.यदि इस जायज मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो अभाविप चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी.छात्र हित सर्वोपरि है और हम इसके लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे.अभाविप ने प्रशासन से अपील की है कि छात्रों की इस वास्तविक समस्या पर तुरंत ध्यान दिया जाए ताकि तकनीकी शिक्षा ग्रहण करने वाले युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे.

# कूजा में सरपंच पद के उपचुनाव में आरिफ खां जीते

- आरिफ खां को 451 मत मिले
- आकिब खान को 355 व शिवराज सिंह को 137 मत मिले
- नोटा को मिले चार मत




**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, सिरोंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कूजा में सरपंच पद के उपचुनाव में प्रत्याशी आरिफ खां 96 मतों से विजयी हुए. उनको 451 मत प्राप्त हुए. जबकि उनके प्रतिद्वंदी आकिब खान को 355 मत तथा शिवराज सिंह को 137 मत मिले. जबकि नोटा को चार मत मिलें.**

स्थानीय तहसील कार्यालय की निर्वाचन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार सिरोंज जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कूजा में सरपंच पद के उपचुनाव में सोमवार को दो मतदान केंद्रों 207 कूजा तथा 208 कजरी बरखेड़ा पर ईवीएम से मतदान संपन्न हुआ था. इस पद के लिये तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे. जिसके बाद स्थानीय तहसील कार्यालय में शुक्रवार को आरओ तहसीलदार संजय चौरसिया तथा एआरओ नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल की मौजूदगी में मतगणना संपन्न हुई. मतगणना को लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी. जिसमें प्रत्याशी आरिफ खां को 451 मत तथा उनके प्रतिद्वंदी आकिब खान को 355 मत एवं शिवराज सिंह को 137 मत मिले. जबकि नोटा को चार मत मिलें. इस तरह ग्राम पंचायत कूजा में सरपंच पद के उपचुनाव में प्रत्याशी आरिफ खां विजयी हुए. इस मौके पर तहसीलदार संजय चौरसिया ने विजयी प्रत्याशी आरिफ खां को प्रमाण पत्र प्रदान किया.

# ठेकेदार संघ के अध्यक्ष बने विजय



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** भवन निर्माण करने वाले ठेकेदारो के संगठन की बैठक आयोजित हुई. जिसमें चुनाव प्रक्रिया के दौरान विजय जाटव को अध्यक्ष पद के लिए 38 वोट, विशन सिंह को 24 वोट तथा अन्य दो उम्मीदवारों को 10-10 वोट मिले. विजय जाटव अध्यक्ष पद के लिए 14 वोटो से जीते. संगठन में उपाध्यक्ष विशन सिंह, सचिव नवाब, सह सचिव बाबू, सह सचिव वलवंत सिंह, कोषाध्यक्ष रूप सिंह, संगठन मंत्री गोलू जाटव, सलीम, गंगाराम जाटव, संरक्षक धन्नालाल, प्रचार मंत्री भूरा बनाए गए. इस दौरान अध्यक्ष विजय जाटव ने कहा कि ठेकेदारों के हित में तथा उनकी समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जावेगा.

## नाम परिवर्तन सूचना

विवाह से पूर्व मेरा नाम कु.हेमलता लालवानी पुत्री तोलाराम लालवानी निवासी सिरोंज था। विवाह उपरांत मेरा नाम हेमा माखीजा हो गया है और मेरे समस्त दस्तावेज भी इसी नाम से हैं। कृपया मुझे हेमा माखीजा पत्नि कन्हैया माखीजा के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**हेमा माखीजा पत्नि कन्हैया माखीजा**
निवासी गर्ल्स कॉलेज के सामने,सांची रोड विदिशा (म.प्र.) 464001




नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में

आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्धेश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।


**कार्यवाही** मंदिर दर्शन के दौरान चोरी हुई बाइक का खुलासा, 10 मोटरसाइकिलें बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश



**नवभारत न्यूज**
**सांची,** सांची थाना क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बडा खुलासा किया है. फरियादी विजय शंकर मिश्रा, निवासी विदिशा की रिपोर्ट पर थाना सांची में अपराध क्रमांक 01/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था.जानकारी के अनुसार प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रायसेन श्री आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे के निर्देशन तथा एसडीओपी सांची श्रीमती नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई.तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की.पूछताछ में आरोपियों ने सांची, विदिशा एवं भोपाल सहित अन्य क्षेत्रों से कुल 10 मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई गई है.पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद कर ली हैं.पुलिस ने इस मामले में अवध नारायण शर्मा (33 वर्ष) एवं समीर मंसूरी (24 वर्ष) दोनों निवासी बेस दरवाजा, किले अंदर, विदिशा को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी सहित पुलिस स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही, जिनके प्रयासों से क्षेत्र में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगा है.सांची पुलिस की यह सफल कार्रवाई न केवल अपराधियों के लिए सख्त संदेश है, बल्कि आमजन में सुरक्षा और भरोसे की भावना को भी मजबूत करती है.इससे पहले भी सांची पुलिस ने अपराधियों के हौसले अपनी सक्रियता के चलते पस्त कर दिये .



# शहीद स्व . वीर सिंह सप्रे की स्मृति में टूर्नामेंट शुरू

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** शहीद वीरसिंह सप्रे की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का गत दिवस कॉलेज ग्राउंड में विधिवत शुभारंभ हुआ.कार्यक्रम की शुरुआत वीर सिंह सप्रे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई.टूर्नामेंट का संचालन संदीप सप्रे द्वारा किया जा रहा है, वहीं टूर्नामेंट अध्यक्ष की जिम्मेदारी जतिन सप्रे संभाल रहे हैं.टूर्नामेंट में विजेता टीम को 61,000 रुपये, उपविजेता टीम को 31,000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को सम्मानित किया जाएगा. इसके साथ ही मैन ऑफ द सीरीज विजेता को साइकिल प्रदान की जाएगी.शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों तथा खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला.